Website : www.prsuniv.ac.in E-mail ID- registrar@prsuniv.ac.in

प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज, उ0प्र0
Prof. Rajendra Singh (Rajju Bhaiya) University, Prayagraj, U.P.

पत्रांक : प्रोरासिविवि/कुसका/2024– 760 दिनांक 14 अक्टूबर 2024

कार्यालय–ज्ञाप

आदेशानुसार विश्वविद्यालय परिसर में स्नातक स्तर के तृतीय, पंचम एवं सप्तम सेमेस्टर तथा परास्नातक स्तर के तृतीय सेमेस्टर तथा शोध पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत समस्त विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि सत्र 2024–25 के विषम सेमेस्टर का शुल्क ई–समर्थ पोर्टल के माध्यम से दिनांक 31.08.2024 से 07.09.2024 तक ऑनलाइन जमा किए जाने हेतु अन्तिम तिथि निर्धारित थी किन्तु अभी तक कतिपय छात्र–छात्राओं द्वारा शुल्क जमा न किए जाने के कारण प्राप्त आदेशानुसार शुल्क जमा किए जाने की तिथि दिनांक 18.10.2024 तक विस्तरित की जाती है।

शुल्क जमा करने हेतु समस्त सम्बन्धित विद्यार्थी द्वारा विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट **www.prsuniv.ac.in** के होमपेज में सबसे ऊपर उपलब्ध **Samarth Login (Student)** में जाकर सर्वप्रथम अपने नामांकन संख्या से पंजीकरण करके अपना स्वयं का **Samarth Login (Student)** बनाया जायेगा। बनाये गए लॉगिन आई0डी0 से लॉगिन करके Fee टैब में जाकर विद्यार्थी अपना सेमेस्टर शुल्क क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, यूपीआई, क्यूआर कोड तथा इन्टरनेट बैंकिंग में से किसी एक माध्यम से निर्धारित अवधि में शुल्क जमा करेंगे। **शुल्क जमा किए जाने के पश्चात् विद्यार्थियों द्वारा Samarth Login (Student) से ही कोर्स सेलेक्शन दिनांक 18.10.2024 तक ही किया जाना अनिवार्य है तथा साथ ही साथ शोधार्थियों को अपने सुपरवाईजर से संतोषजनक प्रगति आख्या का प्रमाण–पत्र प्राप्त करते हुए Samarth Login (Student) के माध्यम से शुल्क जमा किए जाने के पश्चात् दिनांक 18.10.2024 तक अपलोड किया जाना है।**

नोटः– समस्त विद्यार्थी ई–समर्थ पोर्टल की अपनी स्टूडेंट लॉगिन आई0डी0 एवं पासवर्ड अपने पास सुरक्षित रखेंगे तथा भविष्य में विद्यार्थियों के समस्त अकादमिक कार्य जैसे शुल्क, कोर्स चयन, एडमिट कार्ड, परिणाम इत्यादि ई–समर्थ पोर्टल से ही किए जाएंगे।

(संजय कुमार)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. माननीय कुलपति जी।
2. वित्त अधिकारी।
3. परीक्षा नियंत्रक।
4. निदेशक–शोध।
5. समस्त संकायाध्यक्ष–कला/विज्ञान/वाणिज्य/कृषि/विधि संकाय, विश्वविद्यालय परिसर।
6. समस्त विभागाध्यक्ष/प्रोग्राम इंचार्ज को इस आशय से प्रेषित कि छात्र–छात्राओं से ई–समर्थ पोर्टल के माध्यम से विषम सेमेस्टर के शुल्क जमा कराए जाने हेतु अपने स्तर से सूचित करने का कष्ट करें।
7. आई0टी0 प्रभारी को इस आशय से कि ई–समर्थ पोर्टल के माध्यम से शुल्क जमा कराए जाने एवं कोर्स सेलेक्शन कराए जाने हेतु आवश्यक तकनीकी सहयोग प्रदान करने का कष्ट करें।
8. ई–समर्थ प्रकोष्ठ।
9. सम्बन्धित पत्रावली।

कुलसचिव

Scanned with OKEN Scanner